मौसम ▶ उमस से मिली राहत, खेतों की ओर लौटे किसान, लंबे इंतजार के बाद मेहरबान हुआ मानसून, बोनी ने पकड़ी रफ्तार

# झमाझम बारिश से बदला मौसम का मिजाज




**नवभारत, शहडोल।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार मानसून ने शहडोल जिले में दस्तक दे दी। मंगलवार की शाम हुई झमाझम बारिश ने उमस भरी गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत दी। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही और शाम करीब 4 बजे तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के साथ चली ठंडी हवाओं से मौसम पूरी तरह बदल गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। जिले के अधिकांश क्षेत्रों में सोमवार शाम से ही रुक-रुककर वर्षा का सिलसिला शुरू हो गया था, जो मंगलवार को और तेज हो गया। बारिश के बाद शहर की सड़कों पर लोगों की चहल-पहल बढ़ गई। कई लोग घरों से बाहर निकलकर सुहाने मौसम का आनंद लेते दिखाई दिए। वहीं बच्चों ने भी बारिश में भीगकर मौसम का स्वागत किया। हालांकि कुछ निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, जिससे लोगों को थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

समय पर बारिश नहीं होने से जिले के किसान पिछले कई दिनों से चिंतित थे। खेत तैयार होने के बावजूद पर्याप्त वर्षा नहीं होने के कारण बोनी का कार्य प्रभावित हो रहा था। मंगलवार की बारिश के बाद किसानों के चेहरे खिल उठे और वे खेतों की ओर निकल पड़े। कई गांवों में धान, मक्का, सोयाबीन और अन्य खरीफ फसलों की बोनी का कार्य तेज हो गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस वर्ष मानसून की धीमी शुरुआत को देखते हुए किसान वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर खेती कर रहे हैं। कम पानी में अधिक उत्पादन देने वाली किस्मों का चयन, संतुलित बीज दर, उचित जल निकासी और नमी संरक्षण जैसी तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है, ताकि मौसम की अनिश्चितता का असर फसलों पर कम पड़े।

### लोगों ने ली राहत की सांस

लगातार बढ़ रही उमस और गर्मी के कारण आमजन परेशान थे। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुल गई, जिससे लोगों ने राहत महसूस की। मौसम में आए बदलाव से बिजली की खपत में भी कमी आने की संभावना है।बारिश के कारण बाजारों में कुछ समय के लिए रौनक कम हुई, लेकिन मौसम सुहावना होने से शाम के समय लोग खरीदारी के लिए निकले। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश को कृषि कार्यों के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। यदि आने वाले दिनों में इसी तरह नियमित वर्षा होती रही तो खरीफ सीजन बेहतर रहने की उम्मीद जताई जा रही है।

**इनका कहना है**

बारिश शुरू होने के बाद किसान खरीफ फसलों की बोनी में तेजी ला सकते हैं। वैज्ञानिक पद्धति अपनाकर खेती करने से कम वर्षा की स्थिति में भी बेहतर उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है। किसान बीज उपचार और संतुलित उर्वरक प्रबंधन पर विशेष ध्यान दें।

**उप संचालक कृषि**
**जिला-शहडोल ( म.प्र. )**

# विभिन्न बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीण

▶ बढ़ रहा आक्रोश



**नवभारत,खमरिया।** ग्राम पंचायत खमरिया बरहा टोला मे व्याप्त समस्याओं को लेकर ग्राम वासियों में व्यापक नाराजगी है स्थानीय ग्राम पंचायत वासियों को कहना है की पंचायत में विकास के नाम पर कोई कार्य नहीं किया जा रहा है ना तो यहां बेहतर सड़क की व्यवस्था है नहीं पेयजल की पूर्व मे पंचायत द्वारा जो बस स्टैंड बनवाया गया था उसकी मरम्मत न करवा कर अब दूसरा बस स्टैंड टीन का बनवाया जा रहा है जो कई प्रकार के गंभीर सवाल खड़े करते हैं जब पहले से ही पंचायत द्वारा जो बस स्टैंड बनवाया गया है तो फिर वही दूसरा बस स्टैंड बनवाने का औचित्य क्या है इस तरह से शासन को राजस्व की पंचायत द्वारा हानि पहुंचाई जा रही हैजिससे स्थानीय ग्रामीण जनों में व्यापक नाराजगी है ग्रामीणों का कहना है कि एक ही परिवार के सदस्य चार पंचवर्षीय से पंचायत में लगातार पदस्थ हो रहे हैं लेकिन आज भी क्षेत्र में विकास की किसी तरह की योजनाएं दिखाई नहीं देती जबकि ग्राम पंचायत खमरिया की आबादी 7 से 8 000 के आसपास है जिसमें 19 वार्ड हैं स्थानीय ग्रामीण ग्राम पंचायत खमरिया यादव मोहल्ला निवासी कैलाश यादव ने आरोप लगाया है कि सरपंच पति विश्वनाथ गोंड द्वारा मेरी जमीन से रात्रि में गाड़ियों के माध्यम से रेत का अवैध परिवहन करवाया जाता है जिसका मैंने कई बार विरोध किया लेकिन पार्षद पति द्वारा कहा जाता है यह रेत ग्राम पंचायत के निर्माण कार्यों के लिए ले जाया जा रहा है कैलाश यादव ने यह भी आरोप लगाया की पंचायत के कार्य के लिए आखिर रात्रि में ही बिना वैध दस्तावेज के कैसे रेत का परिवहन करवाया जा रहा है स्थानिक ग्रामीणों ने यहाँ तक आरोप लगाया गोलाद जंगल से जो नाला चचाई डेम तक जाता है उसका अस्तित्व आज पूरी तरह से बदल चुका है अवैध रेत परिवहन के कारण उक्त नाला आज गड्ढे में परिवर्तित हो चुका है जिसमें हमेशा पानी की उपलब्धता बनी रहती थी जिसका आज स्वरूप पूरी तरह से बदल चुका है जब इस संबंध में सरपंच पति विश्वनाथ गोड़ से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा की ऐसी कोई बात नहीं है यह आरोप बेबुनियाद है लेकिन सवाल यहां पास या उठना है कि आखिर रात में ही ऐसा कौन सा ग्राम पंचायत का विकास कार्य करने के लिए रेत का परिवहन करवाया जाता है ।

## एक नजर में



### सेवानिवृत्ति पर एसडीओपी मुकेश अविंद्र को दी विदाई

**नवभारत,शहडोल ।** ब्यौहारी के एसडीओपी मुकेश अविंद्र के सेवानिवृत्त होने पर एक भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों ने उनकी सेवाओं की सराहना करते हुए स्वस्थ एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक शरद कोल रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डीएसपी ऋषभ छारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर एसडीओपी मुकेश अविंद्र का पूरा परिवार, उनके पुत्र, पुत्रवधू एवं धर्मपत्नी भी समारोह में मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि अपने कार्यकाल के दौरान एसडीओपी मुकेश अविंद्र का कार्य निष्पक्ष, शांत एवं विवादरहित रहा। उन्होंने कई जटिल और संवेदनशील मामलों का भी सरलता, सूझबूझ और कुशल नेतृत्व के साथ निराकरण किया, जिससे आमजन और पुलिस विभाग दोनों में उनकी अलग पहचान बनी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर निरीक्षक जिया उल हक ने की। समारोह में सोहागपुर, जयसिंहनगर, सीधी, बाणसागर, पपौंध थाना सहित विभिन्न थानों के थाना प्रभारी, पुलिस अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं ब्यौहारी थाना का समस्त स्टाफउपस्थित रहा। समारोह के अंत में सभी ने एसडीओपी मुकेश अविंद्र को स्मृति-चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भाजपा बुढार मंडल में घमासान, तीन बूथ अध्यक्षों ने मंडल अध्यक्ष पर लगाए मनमानी और गुटबाजी के आरोप

**नवभारत, बुढार।** कार्यकर्ताओं के अनुशासन और संगठनात्मक व्यवस्था का उदाहरण देने वाली भारतीय जनता पार्टी के बुढार मंडल में इन दिनों अंदरूनी कलह खुलकर सामने आ गई है। मंडल के तीन बूथ अध्यक्ष—पड़खुरी के लक्ष्मण सिंह, अकला के माधव सिंह और गूढ़ा के विकास सिंह—ने मंडल अध्यक्ष अर्जुन सोनी पर मनमानी, गुटबाजी और बिना किसी कारण बताए पद से हटाने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। तीनों कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा को अलग-अलग शिकायत पत्र भेजकर निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग की है। मामले ने उस समय और तूल पकड़ लिया जब 28 जून 2026 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात कार्यक्रम के दौरान ग्राम पड़खुरी में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा की अंदरूनी खींचतान खुलकर सामने आ गई। कार्यक्रम में जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी भी मौजूद थे, लेकिन कार्यक्रम संगठन की एकजुटता का संदेश देने के बजाय आपसी आरोप-प्रत्यारोप का केंद्र बन गया। शिकायतकर्ता बूथ अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह का कहना है कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना, बिना कारण बताए और बिना पक्ष सुने बूथ अध्यक्ष पद से हटा दिया गया। उनका कहना है कि उन्होंने सदस्यता अभियान, चुनाव और संगठन के प्रत्येक कार्यक्रम में पूरी निष्ठा से कार्य किया, इसके बावजूद अचानक हटाने की कार्रवाई संगठन की स्थापित प्रक्रिया और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के विपरीत है। यही आरोप माधव सिंह और विकास सिंह ने भी लगाए हैं। उनका कहना है कि मंडल अध्यक्ष व्यक्तिगत पसंद-नापसंद के आधार पर निर्णय लेकर संगठन में गुटबाजी को बढ़ावा दे रहे हैं।

# कोयला उत्पादन को आरके अर्थ रिसोर्सेस कंपनी दे रही गति

▶ टीम भावना के सशक्त नेतृत्व में जीएम के मार्गदर्शन से सफलता के नए प्रतिमान गढ़ रही कंपनी

**प्रदीप शर्मा**

**नवभारत, धनपुरी।** एस.ई.सी.एल. सोहागपुर क्षेत्रांतर्गत संचालित शारदा ओ.सी.एम. परियोजना में आर.के. अर्थ रिसोर्सेस कंपनी अपनी कार्यकुशलता, पारदर्शी कार्यशैली, आधुनिक तकनीक तथा उत्कृष्ट प्रबंधन क्षमता के बल पर कोयला उत्पादन के क्षेत्र में निरंतर नई उपलब्धियों का इतिहास रच रही है। हाईवॉल तकनीक के माध्यम से कोयला एवं ओवरबर्डन (ओ.बी.) हटाने का कार्य पूरी दक्षता, सुरक्षा और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है। यही कारण है कि कंपनी आज एस.ई.सी.एल. प्रबंधन के साथ कदम से कदम मिलाकर निर्धारित उत्पादन लक्ष्यों की प्राप्ति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। कंपनी की सबसे बड़ी विशेषता केवल उत्पादन



बढ़ाना नहीं, बल्कि स्थानीय जनभावनाओं का सम्मान करते हुए क्षेत्र के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना भी है। आर.के. अर्थ रिसोर्सेस द्वारा स्थानीय बेरोजगार युवाओं को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार प्रदान किया जा रहा है, जिससे अनेक परिवारों के जीवन में आर्थिक आत्मनिर्भरता का नया अध्याय जुड़ रहा है। कुशल व अकुशल युवाओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें कार्य के योग्य बनाना कंपनी की सामाजिक प्रतिबद्धता का सशक्त उदाहरण माना जा रहा है। आर.के. अर्थ रिसोर्सेस कंपनी का प्रत्येक कार्य सुरक्षा मानकों, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की भावना से परिपूर्ण दिखाई देता है। अत्याधुनिक मशीनों, प्रशिक्षित मानव संसाधन तथा सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली के माध्यम से कंपनी ने यह सिद्ध किया है कि यदि प्रबंधन की सोच सकारात्मक और दूरदर्शी हो तो उत्पादन एवं सुरक्षा दोनों साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं। कंपनी के महाप्रबंधक राजेश्वर यादव के कुशल नेतृत्व, दूरदर्शी सोच और प्रभावी मार्गदर्शन में आर.के. अर्थ रिसोर्सेस निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उनके नेतृत्व में कंपनी ने अनुशासन, पारदर्शिता, गुणवत्ता और टीम भावना को अपनी कार्यसंस्कृति का अभिन्न अंग बनाया है। यही कारण है कि कर्मचारियों में आत्मविश्वास, समर्पण और कार्य के प्रति उत्तरदायित्व की भावना निरंतर सुदृढ़ हो रही है। महाप्रबंधक राजेश्वर यादव ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी औद्योगिक संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी उसके कर्मचारी होते हैं और कर्मचारियों की सबसे पहली जिम्मेदारी सुरक्षा होती है। यदि हम सुरक्षा एवं सेफ्टी के सभी मानकों का पूर्णतः पालन करते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं, तभी हमारी सफलता सार्थक कही जाएगी। उत्पादन महत्वपूर्ण है, किंतु उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण प्रत्येक कर्मचारी का सुरक्षित अपने परिवार तक लौटना है। उन्होंने आगे कहा, 'टीम वर्क का नेतृत्व करना किसी भी प्रबंधक के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है, किंतु जब पूरी टीम एक परिवार की तरह समर्पण, अनुशासन और विश्वास के साथ कार्य करती है तो कठिन से कठिन लक्ष्य भी सहजता से प्राप्त किए जा सकते हैं। आज हमारी जो भी उपलब्धियां हैं, वे किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि आप सभी कर्मयोगियों के अथक परिश्रम, निष्ठा और सहयोग का परिणाम हैं। आप सबके योगदान से ही आर.के. अर्थ रिसोर्सेस निरंतर अपने निर्धारित लक्ष्यों की ओर सफलतापूर्वक अग्रसर है। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि सुरक्षित कार्य वातावरण, उत्कृष्ट गुणवत्ता और स्थानीय विकास के बीच संतुलन स्थापित करना है।



## गोहपारू में झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित, किसानों के चेहरे खिले

**नवभारत,गोहपारू ।** गोहपारू क्षेत्र में मंगलवार को सुबह से ही तेज बारिश का दौर जारी रहा। लगातार हो रही वर्षा से मौसम सुहावना हो गया और भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। वहीं कई निचले इलाकों एवं ग्रामीण मार्गों पर पानी भर जाने से आवागमन प्रभावित हुआ। लगातार बारिश के चलते खेतों में पानी की पर्याप्त आवक होने से किसानों में खुशी का माहौल है। धान सहित खरीफ फसलों की बुआई में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। हालांकि तेज बारिश के कारण कुछ कच्चे रास्तों पर कीचड़ होने से ग्रामीणों को आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने भी क्षेत्र में अगले एक-दो दिनों तक बारिश और गरज-चमक की संभावना जताई है तथा लोगों से खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है।

## डॉ. रविकुमार द्विवेदी को विद्यासागर मानद सम्मान से नवाजा गया

▶ सद्भावना संगोष्ठी में साहित्य, शिक्षा और शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मिला सम्मान




**नवभारत,शहडोल।** काशी की पावन धरती, जहां से गंगा और ज्ञान की अविरल धारा प्रवाहित होती है, वहीं स्थित बीएचयू (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय) में 14 जून 2026 को आयोजित 37वीं सद्भावना संगोष्ठी के दौरान महात्मा सत्य सनातन हिंदी विद्यापीठ द्वारा प्रख्यात साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ. रविकुमार द्विवेदी को 'विद्यासागर' मानद सम्मान से अलंकृत किया गया। इसी समारोह में डॉ. ललित रामसुंदर को भी सम्मानित किया गया।

डॉ. रविकुमार द्विवेदी अपनी विलक्षण प्रतिभा, ओजस्वी वक्तृत्व कला और बहुआयामी शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए देशभर में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। उन्होंने विभिन्न विषयों में मास्टर डिग्री प्राप्त करने के साथ साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इससे पूर्व उन्हें विद्या वाचस्पति एवं भारत साहित्य रत्न जैसी प्रतिष्ठित उपाधियों से भी सम्मानित किया जा चुका है। इसके अलावा उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर 200 से अधिक सम्मान एवं पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं।डॉ. द्विवेदी राष्ट्रीय परिदृश्य शोध संस्थान के संस्थापक डॉ. योगेश तिवारी के मार्गदर्शन में लंबे समय तक सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं तथा वर्तमान में संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह संस्था साहित्य, बाल साहित्य, पत्रकारिता, शोध तथा समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित करती है।

## चिपाड़नाथ धाम में मनाया गया बावड़ी उत्सव

▶ विधायक शरद जुगलाल कोल ने किया पौधरोपण, जल स्रोतों के संरक्षण और स्वच्छता का दिया संदेश




**नवभारत,ब्यौहारी।** विकासखंड ब्यौहारी के प्रसिद्ध धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थल चिपाड़नाथ धाम में मंगलवार को जल गंगा संवर्धन अभियान के तृतीय चरण के अंतर्गत बावड़ी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्यौहारी विधायक शरद जुगलाल कोल शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक शरद जुगलाल कोल ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप पूरे मध्यप्रदेश सहित देशभर में पिछले तीन माह से जल गंगा संवर्धन अभियान जन-जन का अभियान बन चुका है। अभियान के तहत गांव-गांव में तालाबों की साफ-सफाई, हैंडपंपों के पास सोख्ता गड्ढों का निर्माण, कंटूर ट्रेंच तैयार करने तथा जल स्रोतों के संरक्षण एवं सफाई जैसे व्यापक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा जल के संरक्षण और भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए किए गए ये प्रयास भविष्य में निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम देंगे।

कार्यक्रम के दौरान जनपद पंचायत ब्यौहारी की अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने जल स्रोत का विधिवत पूजन किया तथा चिपाड़नाथ धाम परिसर में पांच पौधों का रोपण किया। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया।कार्यक्रम का संचालन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के शिवदत्त उरमलिया ने किया। इस दौरान जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें आगे भी इसी प्रकार जनहित के कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में पंचायत सचिव, सरपंच, रोजगार सहायक, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष एवं सचिव, नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

प्रकटोत्सव ▶ धनपुरी में भक्ति, सेवा और सामाजिक एकता के साथ मनाया गया कबीर प्रकटोत्सव

# कबीर किसी एक समाज या वर्ग के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के संत

**नवभारत, धनपुरी।** संत शिरोमणि कबीरदास जी की अमर वाणी, मानवता, समरसता और सत्य के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से धनपुरी नगर के वार्ड क्रमांक 24 में कबीर जन सेवा समिति के तत्वावधान में कबीर प्रकट उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और भव्यता के साथ मनाया गया। पूरा नगर संत कबीर के निर्गुण भजनों, जयघोषों और आध्यात्मिक वातावरण से सराबोर दिखाई दिया। आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया, बल्कि सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और सेवा भावना का भी प्रेरणादायी संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कबीर मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं महाआरती के साथ हुआ। इसके उपरांत समिति के अध्यक्ष अरविंद रजक के नेतृत्व में सुसज्जित वाहन रैली निकाली गई। बाजे-गाजे, डीजे, संत कबीर के भजनों



और जयघोषों के बीच निकली यह शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी, जिसका नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

रैली के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर संत कबीर के समता और सेवा के संदेश को आत्मसात किया। इस अवसर पर नगर पालिका धनपुरी की अध्यक्ष श्रीमती रविंद्र कौर छाबड़ा ने कहा कि 'संत कबीर किसी एक समाज या वर्ग के नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के संत हैं। उन्होंने प्रेम, समानता, सत्य और सदाचार का जो संदेश दिया, वह आज भी उतना ही प्रासंगिक है। ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने, नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से परिचित कराने तथा सामाजिक समरसता को सशक्त बनाने का कार्य करते हैं। धनपुरी की यह पावन परंपरा निश्चित रूप से आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। भाजपा धनपुरी मंडल अध्यक्ष अजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'संत कबीर ने अपने दोहों और वचनों के माध्यम से समाज को सत्य, करुणा, सद्भाव और मानवता का मार्ग दिखाया। आज जब समाज को एकता और सकारात्मक सोच की आवश्यकता है, तब कबीर का दर्शन और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है। कबीर जन सेवा समिति के अध्यक्ष अरविंद रजक ने सभी अतिथियों, श्रद्धालुओं और नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'कबीर प्रकट उत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता, सेवा और सामाजिक चेतना का महापर्व है। हमारा उद्देश्य संत कबीर के विचारों को घर-घर तक पहुंचाना तथा समाज में प्रेम, भाईचारा, समरसता और सेवा की भावना को मजबूत करना है। समारोह में समिति के उपाध्यक्ष संतोष मेहरा, सचिव राम भगत महाराज, हरिदयाल साहू, संरक्षक कोदू दास, गोवर्धन दास, रतनलाल, रामनिवास कुशवाह, समाजसेवी गौरव तिवारी, हरिदास कुशवाह, अभिलाष बैरागी, अशोक मेहरा, श्यामलाल मेहरा, रमेश लोधी, सूरज कुशवाह, अंबिका मेहरा, लखनलाल महंत, जगमोहन दास, रामेश्वर दास, निलेश मेहरा, सूची कुशवाह सहित समिति के अनेक पदाधिकारी, समाजसेवी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय में एनएसएस का रक्तदान शिविर

▶ रक्तदान महादान की भावना के साथ बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने किया रक्तदान




**नवभारत, शहडोल।** कुलगुरु प्रो. रामशंकर के निर्देशन में पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बड़ी संख्या में रक्तदान किया और मानव सेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया।कार्यक्रम का शुभारंभ जिला चिकित्सालय शहडोल के ब्लड बैंक से आए चिकित्सकों एवं विशेषज्ञों के स्वागत के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धानी जामोद ने किया।

इस अवसर पर शहडोल परिसर प्रभारी प्रो. गीता सराफ ने स्वयंसेवकों को कुटुंब भाव, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। डॉ. पूर्णिमा शर्मा ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त कई लोगों का जीवन बचा सकता है। वहीं डॉ. रजनी गौतम ने स्वयंसेवकों से आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाकर सकारात्मक एवं ऊर्जावान व्यक्तित्व विकसित करने का आह्वान किया।ब्लड बैंक के डॉ. सुमितदास गुप्ता ने रक्तदान महादान की भावना पर अपने विचार व्यक्त करते हुए नियमित रक्तदान के स्वास्थ्य लाभ एवं सामाजिक महत्व की जानकारी दी। ब्लड बैंक की काउंसलर श्यामला राव ने रक्तदान से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करते हुए इसकी प्रक्रिया एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी तथा स्वयंसेवकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। शिविर के दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर रक्तदान विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य जयप्रकाश द्विवेदी, राजेश मेहरा, रामप्रसाद, राजकुमार सहित अनेक गणमान्य नागरिक, शिक्षक एवं स्वयंसेवक उपस्थित रहे। अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना पुरुष इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुनिश सिंह नेगी ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों, ब्लड बैंक की टीम एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया।रक्तदान शिविर के माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर में सामाजिक उत्तरदायित्व, मानव सेवा, स्वैच्छिक रक्तदान और जन-जागरूकता का प्रभावी संदेश प्रसारित किया गया।